**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में क्रास क्रन्ट्री रेस 2023–24 का आयोजन

पंतनगर। 29 अगस्त 2023। विश्वविद्यालय के स्टीवेंशन स्टेडियम के शारीरिक शिक्षा अनुभाग में पहली बार दुनिया भर में हॉकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध भारत के महान हॉकी खिलाड़ी पदम भूषण भारत खेल रत्न स्वर्गीय मेजर ध्यान चन्द के जन्म दिवस पर आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सत्र 2023–24 की विश्वविद्यालय क्रास क्रन्ट्री रेस को प्रातः 7:00 बजे आयोजित की गयी, जिसमें आज अपने दूसरे वर्ष के कार्यकाल के प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा क्रास क्रन्ट्री रेस का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। उक्त प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 141 छात्रों एवं 198 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में नेहरू भवन छात्रावास के कनिष्क वर्मा प्रथम एवं अंकित कुमार द्वितीय, वी.एस. भवन छात्रावास के प्रशान्त तृतीय, मीनाक्षी भवन के धुव्र शर्मा चतुर्थ, टैगोर भवन छात्रावास के करन गंगोला पंचम तथा शिवालिक भवन छात्रावास के रजत सैनी षष्ट ने स्थान प्राप्त किया और छात्रा वर्ग में मंदाकिनी भवन छात्रावास की मनीषा पाण्डे प्रथम, गंगोत्री भवन छात्रावास की मनीषा पटवाल द्वितीय एवं जयश्री राय तृतीय, सरोजनी भवन छात्रावास की नीशा सरियाल चतुर्थ, सरस्वती भवन छात्रावास की ज्योति पंचम तथा गांधी भवन छात्रावास की सुशमिता षष्ट ने स्थान प्राप्त किया। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने विजेताओं को पुरस्कृत किया तथा उन्होंने अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान डा. एस.पी. सिंह, निदेशक संचार एवं प्रसार डा. जे.पी. जायसवाल, सहायक अधिष्ठात्री छात्र कल्याण डा. स्नेहा दोहरे, प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. पूनम त्यागी, डा. सुधा अरोरा, डा. भाष्कर तिवारी, डा. एच.एस. पपोला, डा. जी.एस. बोहरा, सह निदेशक शारीरिक शिक्षा, श्री के.पी. सिंह, श्री विजय एवं विभिन्न महिला छात्रावासों की सहायक छात्रावास अभिरक्षकाएं आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता का आयोजन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह के मार्गदर्शन में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डा. पूनम त्यागी ने सफलतापूर्वक किया। शारीरिक शिक्षा अनुभाग कर्मचारियों ने प्रतियोगिता के संचालन में सहयोग प्रदान किया।




*क्रास क्रन्ट्री रेस में विजेता छात्रा को पुरस्कृत करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य।*



*क्रास क्रन्ट्री रेस का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*